राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8(84)RSSB / प.आ. / ग्रा.वि.अ.सी.भ.(मुख्य)प. / 2021 / 186 दिनांकः 20/06/2022

विज्ञप्ति

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा विज्ञापन संख्या 04 / 2021 क्रमांक 986 दिनांकः 06.09.2021, के द्वारा **ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा– 2021** एवं विज्ञापन संख्या 05 / 2022 क्रमांक 321 दिनांक 29.03.2022 के द्वारा **हाउस कीपर सीधी भर्ती परीक्षा–2022** के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये थे। **ग्राम विकास अधिकारी (मुख्य) सीधी भर्ती परीक्षा– 2021** एवं **हाउस कीपर सीधी भर्ती परीक्षा–2022** के आयोजन की तिथि **09.07.2022** नियत कर परीक्षा समय सारणी पत्र क्रमांक 134 दिनांक 09.06.2022 को जारी किया गया था। तदानरूप ही **ग्राम विकास अधिकारी (मुख्य) परीक्षा** एवं **हाउस कीपर परीक्षा** का आयोजन निम्न तालिका में अंकित कार्यक्रम के अनुसार किया जायेगाः–

परीक्षा का नाम	परीक्षा आयोजन दिनांक	परीक्षा आयोजन समय
ग्राम विकास अधिकारी (मुख्य) सीधी भर्ती परीक्षा–2021	**09.07.2022 (शनिवार) (Morning Shift)**	**09:30 am to 12:30 pm**
हाउस कीपर सीधी भर्ती परीक्षा–2022	**09.07.2022 (शनिवार) (Evening Shift)**	**03:00 pm to 06:00 pm**

अतः उपरोक्त परीक्षा के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सूचित किया जाता है किः–

1. आवेदक यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की उक्त विज्ञप्तियों के अनुसार निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता रखते हैं।
2. उक्त परीक्षा के लिए **"प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र" बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करने की दिनांक के लिए अलग से यथासमय सूचित कर दिया जायेगा।** बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।
3. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें। बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे।**
4. नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव